IS15700:2018

सेवोत्तम प्रमाणित

# उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद

(अनुरक्षण अनुभाग)

104- महात्मा गाँधी मार्ग, लखनऊ।

भारतीय मानक ब्यूरो IS 1570

मानक पथप्रदर्शक Bureau of Indian Standards SQMS

संख्या /अनु०अनु०/ दिनांक

## नीलामी सूचना

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा परिषद की ओर से कार्यालय परिसर सेन्टर फार एक्सीलेन्स एण्ड ट्रेनिंग सेक्टर - 14, इन्दिरा नगर लखनऊ में खडे निष्प्रयोज्य वाहनों का "जहां है जैसे है" के आधार पर नीलामी सील्ड बिड के माध्यम से अनुरक्षण अनुभाग, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, 104 महात्मा गांधी मार्ग लखनऊ में दिनांक 27.05.2025 को सायं 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है एवं उसी दिन सांय 3.30 बजे खोले जायेगे। प्रत्येक वाहन के लिए निम्नलिखित तालिका में आरक्षित मूल्य के सापेक्ष देय जमानत धनराशि अंकित है।

जमानत धनराशि Executive Engineer, Maintenance, U.P. Awas Evam Vikas Parishad, Lucknow के बैंक Indian Overseas Bank, Raj Bhavan Branch, Lucknow, A/c No.-192201000012900, IFSC Code-IOBA0001922 में आर0टी0जी0एस0/ NEFT के माध्यम जमा करना होगा तथा जमा धनराशि का UTR संख्या एवं जमा धनराशि की पुष्टि हेतु वांछित प्रपत्र की छाया प्रति बिड के साथ संलग्न करनी होगी। अन्य नियम व शर्तें परिषद की बेवसाइट "www.upavp.in" पर देखी जा सकती है।

| क्रम सं0 | वाहन सं0 | प्रकार | क्रय वर्ष | आरक्षित मूल्य | सील्ड बिड प्रपत्र का मूल्य | जमानत धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UP32-FP-8229 | Maruti SX4 | 2014 | 175000.00 | नि:शुल्क | 17500.00 |
| 2 | UP32-FL-6871 | Ambassador | 2014 | 36000.00 | नि:शुल्क | 3600.00 |
| 3 | UP32-EY-6384 | Bolero | 2013 | 120000.00 | नि:शुल्क | 12000.00 |
| 4 | UP32-EY-6457 | Ambassador | 2013 | 36000.00 | नि:शुल्क | 3600.00 |
| 5 | UP32-EY-6459 | Bolero | 2013 | 90000.00 | नि:शुल्क | 9000.00 |
| 6 | UP32-DV-2408 | Ambassador | 2011 | 34000.00 | नि:शुल्क | 3400.00 |
| 7 | UP32-EF-5036 | Ambassador | 2012 | 33000.00 | नि:शुल्क | 3300.00 |
| 8 | UP32-DS-6626 | Ambassador | 2011 | 32000.00 | नि:शुल्क | 3200.00 |

**नियम व शर्तें:-**

1- वाहन "जहां है जैसे है", के आधार पर नीलाम किया जायेगा।

2- वाहन किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 11:00 बजे से अपरान्ह 5:00 बजे तक सी०ई०टी० कार्यालय उ०प्र० आवास एवं विकास परिषद सेक्टर-14, इन्दिरा नगर, लखनऊ एवं परिषद मुख्यालय 104 महात्मा गाँधी मार्ग लखनऊ में देखा जा सकता है।

3- उच्चतम बिडिदाता द्वारा दी लागत पर नियमानुसार 18 प्रतिशत जी०एस०टी० की धनराशि अतिरिक्त जमा करनी होगी।

4- बिड में भाग लेने से पूर्व बिडदाता को कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण अनुभाग अनुभाग उ०प्र० आवास एवं विकास परिषद, 104 महात्मा गाँधी मार्ग, लखनऊ से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय अवधि में निःशुल्क बिड प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है। बिड प्रपत्र के साथ बिडदाता को आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

5- अधोहस्ताक्षरी को किसी एक बिड अथवा समस्त बिडो को बिना किसी कारण बताये निरस्त करने का अधिकार होगा।

6- वैध हस्तान्तरण होने के पश्चात वाहन को अधिकतम 07 दिनों के अन्दर स्थल से उठवाने की व्यवस्था क्रेता को स्वयं करनी होगी।



AE.

7- उच्चतम बिडदाता के पक्ष में नीलामी स्वीकृति पत्र निर्गत होने के उपरान्त 07 दिन के अन्दर धनराशि कार्यालय के बैंक खाते में RTGS/ NEFT के माध्यम से जमा करना होगा अन्यथा दी गयी स्वीकृति निरस्त करते हुए जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी।

8- सफलतम बिडदाता को 15 दिवस के अन्दर सम्भागीय परिवहन कार्यालय में वाहन स्वयं के पक्ष में हस्तान्तरण कराना होगा। हस्तान्तरण की प्रकिया में विभाग द्वारा आवश्यक अपेक्षित सहयोग प्रदान किया जायेगा। उच्चतम बिडदाता द्वारा वाहन हस्तान्तरण कराने सम्बन्धी समस्त शुल्क जो भी देय होंगे, वह स्वयं वहन किये जायेंगे।

9- उच्चतम बोलीदाता को वाहन की सुपुर्दगी, स्वयं के पक्ष में वैध हस्तान्तरण होने के पश्चात ही की जायेगी।

अधिशासी अभियन्ता (अनुरक्षण)

पृ०सं० 135 /उक्त / दिनांक 02/05/2025

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, समन्वय अनुभाग, मुख्यालय, लखनऊ।
2. सहायक लेखाधिकारी/सहायक अभियन्ता, अनुरक्षण अनुभाग, मुख्यालय।
3. सूचना बोर्ड, कार्यालय भवन वृन्दावन योजना/नीलगिरी ऑफिस काम्प्लेक्स, इन्दिरा नगर/परिषद मुख्यालय, लखनऊ।
4. इंचार्ज कम्प्यूटर सेल को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त नीलामी सूचना को परिषद वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।

अधिशासी अभियन्ता (अनुरक्षण)